LU extends last date to create login

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University has extended the last date for first year undergraduate students to create an account on the university's official website to January 18.

Launched on December 5, the facility to create a login is being offered by LU so that students could get their admit cards online and do not have to fill examination forms. Earlier, the deadline for creating online profiles was set as January 13. "All first year undergraduate students of BA, BCom, BVA, BSc (biology) and BSc (science) can create an account on LU's official website till January 18. ," said director of University Data Resource Centre Anil Mishra.

अब 18 तक बना सकते हैं लॉग इन आईडी

कर्मचारियों के हड़ताल के कारण बढ़ाई तारीख, नहीं भरना होगा परीक्षा फॉर्म, इसी से मिलेगा रोल नंबर भी

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय(एलयू) के बीए, बीएससी और बीकॉम के प्रथम वर्ष के छात्र अब 18 जनवरी तक लॉग इन आईडी बना सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तारीख 12 जनवरी थी, लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल के कारण विवि प्रशासन ने तारीख आगे बढ़ा दी है। छात्र एलयू की वेबसाइट www.site.lkouniv.ac.in पर लॉग इन आईडी बना सकते हैं। इन कोर्सेज के छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने से छूट दी गई है। इस लॉग इन आईडी के माध्यम से ही उनका परीक्षा फॉर्म भर जाएगा। साथ ही इन्हें रोलनंबर और एडमिट कार्ड भी इसी लॉग इन की मदद से मिल जाएगा।

सुधार के लिए भेजनी होगी स्कैन कॉपी

लॉग इन करते समय अगर किसी अभ्यर्थी से कोई गलती हो जाती है तो उसमें सुधार करने के लिए फॉर्म का प्रिंटआउट विवि के डीटीपी सेल में भेजना होगा। चूंकि विवि

में हड़ताल चल रही है, इसलिए विवि ने एक ई-मेल आईडी student.udrc@gmail.com भी जारी की है। इस पर फॉर्म की स्कैन कॉपी भेज कर छात्र लॉग इन में सुधार करवा सकते हैं।

सेमेस्टर वालों को भी बनाना है जरूरी

जिन अभ्यर्थियों के सेमेस्टर एग्जाम होते हैं, उनके एग्जाम फॉर्म पहले ही भरकर एग्जाम हो गए हैं, लेकिन इन अभ्यर्थियों को भी लॉग इन आईडी 20 जनवरी तक बनाना अनिवार्य है।

एलयू और कर्मचारियों में समझौता, एक पक्ष विरोध में

■ **एनबीटी सं,लखनऊ:** एलयू में पिछले पांच दिन से चल रही हड़ताल शुक्रवार को समझौते के साथ स्थगित हो गई। ऐसे में एलयू में शनिवार से कार्य शुरू हो जाएगा। हालांकि कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों के बीच हुए समझौते पर एलयू चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सहमत नहीं हुआ और कर्मचारी परिषद का विरोध किया। कर्मचारी परिषद ने एक माह का समय दिया है। अगर एक माह में सभी मांगें नहीं पूरी हुईं तो कर्मचारी फिर हड़ताल करेंगे।

पांच दिन बाद आज से एलयू में काम होगा शुरू

तबादलों पर झुके कर्मचारी: हालांकि तबादलों पर कर्मचारियों को थोड़ा झुकना पड़ा। मांग थी कि तबादले का आदेश निरस्त हो जबकि वीसी का कहना था हम रिव्यू करेंगे। इस पर सहमती बनी कि एक सप्ताह में विवि रिव्यू करे। जिन्हें दिक्कत है उनका दूसरी जगह तबादला किया जाए।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी करेंगे आंदोलन: एलयू चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजू का कहना है कि वह इस समझौते से सहमत नहीं है। हमें धोखा दिया गया है। इसलिए शनिवार को वह काम पर तो वापस आ जाएंगे लेकिन कार्यकारिणी की बैठक कर आंदोलन चलाएंगे।

इन पर हुए राजी

■ अनानुमोदित मृतक आश्रितों को 1974 के जीओ के आधार नौकरी ■ कैशलेज इलाज पर पांच करोड़ का कॉर्पस फंड ■ नियत वेतनमान वाले सौ से अधिक कर्मचारियों को कार्यपरिषद में ले जाकर वेतनमान ■ सीवर लाइन व बिजली के पोल जैसे जोखिम का कार्य करने वालों को पांच लाख रुपये का बीमा और वर्दी

नेताओं ने किया इस्तेमाल

शुक्रवार को हड़ताल खत्म होने के बाद कर्मचारियों में अब आपसी विवाद शुरू हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि कर्मचारी परिषद ने आम कर्मचारियों का इस्तेमाल किया है। जिस समझौते पर आज हड़ताल खत्म की गई है उस पर तो कुलपति हड़ताल से पहले तैयार थे। फिर उसी मांग पर पांच दिन बाद समझौता कैसे हो गया है। कुछ कर्मचारियों ने कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों पर निजी कार्यों की डीलिंग का आरोप लगाया।